>

Title: Need to undertake gauge conversion of railway lines between Mehsana and Taranga in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): औद्योगिक विकास की दृष्टि से गुजरात राज्य भारत में सबसे अग्रिम स्थान पर है तथा जी.डी.पी. की दर सबसे अधिक है। गुजरात सरकार, औद्योगिक एवम् अन्य संस्थाओं तथा पैसेंजर यूनियनों ने नई रेल लाइनें बनाने का सरकार से बार-बार पत्राचार द्वारा अनुरोध किया है। इन आवेदनों को संबंधित रेल डिविजनों को स्वीकृति हेतु भेजा जाता रहा है।

गुजरात सरकार ने रेल मंत्रालय को 17 रेल लाइनों का गेज रूपांतर शुरू करने तथा जहां रूपांतरण शुरू किया गया है, उसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु विनती की है। मुझे खेद के साथ बताना पड़ रहा है कि सरकार के आश्वासन के बावजूद मेहसाना-तारंगा रेल गेज रूपांतर आज तक नहीं किया गया है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त मामले में उचित कार्यवाही बिना विलंब शुरू करें।